हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 18 मार्च, 2016/28 फाल्गुन, 1937 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 4

मैडिकल कॉलेज

1275 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में महर्षि मार्कण्डेय मैडिकल कॉलेज कुमारहट्टी में कितने MBBS के छात्र, छात्राओं ने प्रवेश लिया; ब्यौरा वर्षवार विद्यार्थियों के नाम, पते व कैटेगरी (SC,ST) सहित दें;

(ख) इस मैडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने की नियमावली की प्रति सभा पटल पर रखें; इस अवधि में MBBS के प्रवेश में क्या नियमावली का उल्लंघन किया गया; यदि हाँ, तो किसके द्वारा; ब्यौरा कारण सहित दें; और

(ग) इस मैडिकल कॉलेज में ली जाने वाली फीस का निर्धारण कब किया गया; अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें?

वन रोपण हेतु धनराशि

1276 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत सड़क, जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण और अन्य विकासात्मक कार्यों के लिए जहां वन काटने आवश्यक

हो जायें वहां निर्धारित मापदंडों के अनुसार सम्बन्धित विभाग को धनराशि मुख्यतः नये वन लगाने हेतु जमा करनी पड़ती है;

(ख) यदि हां, तो गत 3 वर्षों में विभाग के पास कितनी धनराशि जमा हुई;

(ग) इस अवधि में वनों को लगाने हेतु कितनी धनराशि खर्च की गई तथा शेष राशि किस-किस कार्य पर खर्च की गई; और

(घ) पार्वती, मलाणा, अलैन दुगाहन और सतलुज जल विद्युत परियोजनाओं द्वारा जमा की गई राशि कितनी-कितनी थी और कहां-कहां कितने हैक्टेयर में जंगल लगाये गये और उन का Survival Rate क्या है; ब्यौरा दें?

पेयजल योजनाएं

1277 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**ः

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पेयजल योजनायें ग्रैविटि (gravity) की हैं और कितनी पेयजल योजनायें LWSS की हैं; विवरण योजनावार दें; और

(ख) इनमें से कितनी योजनाओं में फिल्टर बैड/Water Treatment Plant लगे हैं; कितने फिल्टर बैड/Treatment Plant सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं व कितने नहीं; विवरण योजनावार दें?

नियंत्रण वातावरण स्टोर

1278 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) वर्ष 2015-16 में प्रदेश में कहां-कहां व कितनी-कितनी लागत से नियंत्रित वातावरण स्टोर निर्माण की स्वीकृति दी गई; ब्यौरा भण्डारण क्षमता सहित दें;

(ख) इनका वित पोषण किस एजैंसी द्वारा किया जायेगा तथा प्रदेश सरकार किस अनुपात में राशि देगी; ब्यौरा दें;

(ग)सरकार ने क्या अपनी अनुपात राशि जमा कर दी है; यदि नहीं, तो कब तक कर दी जायेगी; और

(घ) इस स्टोर के लिए भूमि का चयन कर लिया गया है; यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 2 मार्च, 2016. **सचिव।**